बैठक दिनांक 10.11.2017
अनुस्मारक(5)/सर्वोच्च प्राथमिकता
संख्या-14 /2017-13(6)/2017/का-1-2017

प्रेषक,

उदय भानु त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

कार्मिक अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 07 नवम्बर, 2017

विषय :- राज्याधीन सेवाओं में सृजित/उपलब्ध पदों में से पदोन्नति के माध्यम से भर्ती हेतु उपलब्ध रिक्तियों का भरा जाना ।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक मुख्य सचिव के पत्र संख्या-7/2017-13(6)/2017/का-1-2017, दिनांक 03 अगस्त, 2017, पत्र संख्या-8/2017-13(6)/2017/का-1-2017, दिनांक 08 सितम्बर, 2017, पत्र संख्या-10/2017-13(6)/2017/का-1-2017, दिनांक 26 सितम्बर, 2017 , अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्या-12/2017-13(6)/2017/का-1-2017, दिनांक 16 अक्टूबर, 2017 एवं पत्र संख्या-13/2017-13(6)/2017/का-1-2017, दिनांक 18 अक्टूबर, 2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त सन्दर्भित शासनादेशों द्वारा राज्य सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों द्वारा अपने प्रशासकीय/अधिष्ठानीय नियंत्रणाधीन कार्मिकों के सम्बन्ध में चयन वर्ष 2017-2018 में पदोन्नति के माध्यम से भरी जाने वाली समस्त रिक्तियों का आगणन कर, दिनांक 31 अक्टूबर, 2017 तक पदोन्नति की कार्यवाही पूर्ण कराकर संलग्न प्रारूप पर पूरे विभाग की समेकित सूचना उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी । यह भी अपेक्षा की गयी थी कि अपने विभाग से सम्बन्धित उक्त वांछित सम्पूर्ण सूचना यदि दिनांक 31 अक्टूबर, 2017 तक कार्मिक अनुभाग-1 को उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो वांछित सूचना दिनांक 02 नवम्बर, 2017 को अपने हस्ताक्षर से मुख्य सचिव को सीधे उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ।

3- जिन विभागों से सूचना नहीं प्राप्त हुयी थी, उन विभागों के सम्बन्ध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 02 नवम्बर, 2017 को बैठक आहूत की गयी थी। उक्त बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में, मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक शुक्रवार को आहूत की जाने वाली नियमित बैठक (आगामी बैठक दिनांक 10.11.2017 को सायं 5.00 बजे आहूत है) में पदोन्नति के माध्यम से भर्ती हेतु उपलब्ध रिक्तियों को भरे जाने सम्बन्धी (संलग्न प्रारूप पर) सूचना के साथ पृथक से इस आशय का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें कि आपके नियंत्रणाधीन सभी विभागीय प्रोन्नतियां पूर्ण कर ली गयी हैं ।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,
उदय भानु त्रिपाठी
विशेष सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक

प्रारूप

चयन वर्ष 2017-2018 हेतु आगणित रिक्तियों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु संस्तुत/पदोन्नत किये गये कार्मिकों का संक्षिप्त विवरण।

समूह	चयन वर्ष 2017-2018 हेतु आगणित रिक्तियों की संख्या	पदोन्नति हेतु संस्तुत कार्मिकों की संख्या	पदोन्नति प्रदान किये जा चुके कार्मिकों की संख्या	अभ्युक्ति
क				
ख				
ग				
घ				
योग-				

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।